दिल्ली पुलिस समाचार

अंक 85 फरवरी-मार्च-2012 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका

सत्कार समारोह



65वां पुलिस स्थापना दिवस सम्पन्न

16 से 22 फरवरी, 2012



±ª¯=±§¯ª

17 फरवरी, 2012 को दिल्ली पुलिस के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन मूर्ति लाइन (17, मदर टेरेसा क्रिसेंट) में सत्कार समारोह (ऐट होम) का आयोजन किया गया। इस भव्य एवं शालीन समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल, उप–राष्ट्रपति श्री एम. हामिद अंसारी, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री पी. चिदंबरम, केन्द्रीय गृह सचिव श्री आर. के.सिंह, उपराज्यपाल श्री तेजेन्द्र खन्ना के अलावा विभिन्न पुलिस संगठनों, अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों, भूतपूर्व पुलिस आयुक्तों एवं इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त श्री ब्रिजेश कुमार गुप्ता को पुलिस स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी।







फोटो : रोजर

सत्कार समारोह की प्रमुख झलकियों पर एक नजर















वर्ष 1935 में दिल्ली पुलिस के स्वामित्व में आई इस ऐतिहासिक इमारत का पिछले वर्ष सौंदर्यकरण एवं नवीनीकरण किया गया। इससे पूर्व इस भवन में दिल्ली यातायात पुलिस लाईन का कार्यालय संचालित होता था।









16 फरवरी को पुलिस स्थापना दि
एवं पुलिस आयुक्त द्वारा दिये गय

16 फरवरी किग्जवें कैम्प स्थित नई पुलिस लाइन, परेड़ मैदान में दिल्ली पुलिस ने 65वां स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं शानदार परेड़ का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली के उप–राज्यपाल महामहिम श्री तेजेन्द्र खन्ना मुख्य अतिथि थे जिनकी पुलिस आयुक्त श्री ब्रिजेश कुमार गुप्ता अगवानी करते हुए उनके साथ परेड़ निरीक्षण में शामिल हुए। इस अवसर पर भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री सुभाष टंडन, श्री एम.बी.कौशल, श्री टी.आर. कक्कड़, श्री अजयराज शर्मा, श्री आर.एस.गुप्ता, डॉ. के.के.पाल के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री तेजेन्द्र खन्ना ने इस शानदार एवं मनमोहक परेड़ की प्रंशसा करते हुए सभी अधिकारियों, जवानों तथा उनके परिजनों को दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के नाते यहाँ लगभग 1.70 करोड़ लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती को दिल्ली पुलिस बखूबी निभा रही है। आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि उनके पास हो रही अवांछित गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें जिससे पुलिस आपराधिक तत्वों पर मुस्तैदी से अकुंश लगा सके।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले शुरू की गई दिल्ली पुलिस की ''आँख व कान बनिये'' योजना काफी कारगर रही। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू किये मजबूत बीट सिस्टम को भी सराहा। उन्होंने कहा कि हर महीने सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों का चयन कर उन्हें प्रोत्साहित व सम्मानित करने की योजना भी बधाई योग्य है। बीट कांस्टेबलों को चाहिए कि लोगों के साथ आदरभाव और दोस्ताना तरीके से पेश आएं, विशेषकर निर्बल व कमजोर वर्ग के लोगों के साथ।

महिलाओं की रक्षा व सुरक्षा में दिल्ली पुलिस द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना करते हुए उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि समाज के नागरिकों का दायित्व भी बनता है कि वे नारी के सम्मान की रक्षा करें। थानों में महिला डेस्क की शुरूआत करने और केवल महिला थाने खोलने के साथ–साथ महिलाओं को पुलिस कार्यप्रणाली में सक्रिय भागीदार बनाने की प्रक्रिया काफी कारगर साबित हुई है।










वस के अवसर पर मुख्य अतिथि
ये सम्बोधन भाषण के प्रमुख अंश



मासिक कार्यक्षमता अवलोकन व्यवस्था से बीट कांस्टेबलों, थानाध्यक्ष व एसीपी स्तर के अधिकारियों की कार्यक्षमता में काफी सुधार आया है। स्ट्रीट क्राइम पर अंकुश लगाने, वाहन चोरी की वारदातों में कमी लाने से लोगों में सुरक्षा की भावना और प्रबल हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली पुलिस की सभी परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। पुलिस की आवास सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी गम्भीरता से विचार किया जा रहा है।

पुलिस आयुक्त श्री बी.के.गुप्ता ने मुख्य अतिथि एवं परेड़ में मौजूद भूतपूर्व पुलिस आयुक्तों का आभार प्रकट करते हुए शानदार परेड़ की प्रंशसा की तथा पुलिस बल के अधिकारियों, जवानों व उनके परिजनों को पुलिस स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछला वर्ष Ahievement और Innovation का वर्ष रहा। अपनी Agility और adaptability के कारण दिल्ली पुलिस ने गत वर्ष बहुत सारी कठिन चुनौतियों का तत्परता से सामना करते हुए अपने दायित्वों को शानदार तरीके से निर्वाह कर अपने आप को एक dynamic force साबित किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष दिल्ली पुलिस में पहली बार महिला कमांडो दस्ता बनाने, बीट पैट्रोलिंग व्यवस्था को मजबूत करने, बीट ऑफिसर, थानाध्यक्ष और एसीपी के कार्यो की मासिक कार्यक्षमता का निर्धारण करने, मॉडल पुलिस स्टेशनों का चयन करने, पीसीआर में नई गाड़ियॉ शामिल करने, सड़कों, बाजारों और भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने, मोटरसाइकिल पैट्रोलिंग व चेज़ एंड चालान योजना को लागू करने जैसे कई नवीन कदम उठाये गये हैं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के कल्याणार्थ भी कई महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। जिनमें धीरपुर में 5200 फ्लैटों को पी.पी.पी. योजनों के तहत निर्माण एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी के माध्यम से बनवाना शामिल हैं। अनुबंध के अनुसार यह कम्पनी ही अगले 25 वर्षों तक इन फ्लैटों के रखरखाव का काम भी करेगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की दो विशेष यूनिटों अपराध शाखा व विशेष प्रकोष्ठ को पुनः सक्रिय एवं संगठित किया गया जिस कारण बेहतरीन कार्यक्षमता का प्रतिफल सामने आया है।











®ÆÆ± =± f¸ ª =¤ ¹³ ªp¼=± b®¼=ª I =¤ ªXWS ª¤ -=I ¤ =[Æ¤



16 फरवरी को परेड समापन के बाद गतवर्ष पुलिस पदक से सम्मानित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान तथा सर्वश्रेष्ठ थानों की ट्राफी से सम्मानित थानाध्यक्षों का मुख्य अतिथि उपराज्यपाल श्री तेजेन्द्र खन्ना व पुलिस आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता के साथ एक सामूहिक चित्र





³ ¨ª«K°C®¼₩º ÆºÂ¼¤®ÆÆ± =± f¸ ª =¤ ¹¤ ³ ªp¼=¤ ₩¤ ªX₩®½ªX°º ¸ =¨¤ X¹

16 से 22 फरवरी के बीच मनाये गये पुलिस सप्ताह के दौरान दक्षिण–पूर्वी जिला पुलिस ने विभिन्न थानों में कई कार्यक्रम आयोजित कर जनता व पुलिस की बीच मधुर संबंध स्थापित करने और सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरुक करने का शानदार प्रयास किया। सरिता विहार थाने में बेरोजगार युवकों, स्कूली बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक मीटिंग आयोजित कर युवाओं और बच्चों को लाभप्रद नीतियों के बारे में बताया गया तो दूसरी तरफ इलाके के 232 वरिष्ठ नागरिकों को अहसास कराया कि दिल्ली पुलिस का मुख्य ध्येय उनकी सुरक्षा है। उन्हें छोटे–छोटे सुरक्षात्मक उपाय अपनाने और घरेलू सहायकों की पुलिस जॉच कराने के लिए प्रेरित किया गया। I ± -®=± ¸ º=¨ª º ¯=g -=¡ -J¤ J=D§ ₩´ =c°¼ºLX×º=¨° X= ¤ §° =¨±ª ने वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षित और खुशहाल जीवन की कामना कीं। 17 फरवरी को जसौला स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में इलाके के युवाओं और पुलिसकर्मियों के बीच एक वालीवाल मैच का आयोजन किया। बेरोजगार युवकों, बीच में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों, झुग्गी–झोपड़ियों व अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालें बच्चों को आपराधिक प्रवृति के बजाय खेल प्रतियोगिताओं की तरफ ध्यान केन्द्रीत करने के लिए प्रेरित किया गया। 18 फरवरी को Ghn¶ºe°¨?X=ª ßG शीर्षक पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को दिल्ली पुलिस द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों व पाठ्य सामग्री आदि के माध्यम से पुलिस कार्यप्रणाली और अपराधों की रोकथाम की जानकारी दी गई। इसी प्रकार के कार्यक्रम पुलिस के अन्य जिलों द्वारा भी आयोजित किये गये।





±e°?=fÆ± =c°¼°=± ´ ¥W?_ =c°¼°=\°?¸

पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर सुभाष प्लेस थाने को सर्वश्रेष्ठ भजनपुरा को द्वितीय और थाना जनकपुरी व थाना मालवीय नगर को सयुंक्त रूप से तृतीय सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री तेजेन्द्र खन्ना ने इन थानों के थानाध्यक्षों को ट्राफी व प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ सुभाष प्लेस थाने के थानाध्यक्ष विपिन कुमार भाटिया को 20 हजार रूपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर हर वर्ष दिल्ली के सभी थानों से तीन सर्वेश्रेष्ठ थानों का चयन किया जाता है। सर्वश्रेष्ठ थानों की चयन प्रक्रिया में थानों की साफ–सफाई, रिकॉर्ड का रखरखाव, जॉच अधीन लम्बित मामलों की संख्या, आपराधिक मामले सुलझाने और दोषियों को सजा दिलाने का प्रतिशत, सम्मन–वांरट तामिल कराने का प्रतिशत, अनुशासन व डयूटी के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी के स्तर जैसे बिदुओं को ध्यान में रखकर मिलने वाले अंकों के आधार पर तीन सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन किया जाता है।



पुलिस म्यूजियम में ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा पर बच्चों की कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिता



18 फरवरी को नई पुलिस लाइन स्थित पुलिस संग्रहालय में बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी भावनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला और चित्रकला का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अति0उपा0पुलिस श्री ओमबीर सिह बिश्नोई मुख्य अतिथि थे जिन्होंने बच्चों को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा की गम्भीरता के बारे में बताते हुए उनके प्रश्नों के उतर दिये। मशहूर कार्टूनिस्ट जगजीत सिंह राणा व श्री ओमवीर सिंह बिश्नोई ने चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। उन्होंनें कहा कि यातायात नियमों के अपनाने से अपनी ही नहीं बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। दिल्ली पुलिस म्यूजियम के इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह कलकल द्वारा बनाये गये विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रतिभावान व्यक्तियों के कार्टूनों की एक प्रदर्शनी भी लगाईं गई।

§·a Æ°=½·L°¤ °¯°¤=¤ -=¤ °¼¾=° °¼¤ °¯-

±1=±†·L°¸ =´1±° S=¤ °=2 3 ®°S¼



दिल्ली पुलिस की महिला एवं बाल अपराध विरोधी प्रकोष्ठ ने महिलाओं को अपने अधिकारों और कानून की पूरी जानकारी लेने और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने संबंधी एक वेबसाइट की शुरूआत की है। इस अवसर पर सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री अरविन्द दीप, अति0आय0पुलिस श्री यू.के. चौधरी, राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन सुश्री ममता शर्मा, दूरदर्शन के महानिदेशक त्रिपुरारी शरण, वरिष्ठ पत्रकार वर्तिका नंदा तथा अति0उपा0पुलिस श्रीमती सुमन नलवा उपस्थित थी। सुश्री ममता शर्मा ने वेबसाइट (www.spuwac.com) का उद्घाटन किया और दूरदर्शन के महानिदेशक त्रिपुरारी शरण ने महिला एवं बाल अपराध विरोधी प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित पुस्तक "½®¤ 1½·L°¤ °" नामक पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन लेडी श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता विभाग की प्रमुख और वरिश्ठ पत्रकार वर्तिका नंदा ने किया। अति0उपा0पुलिस श्रीमती सुमन नलवा ने कहा कि आने वाले समय में महिला एवं बाल अपराध विरोधी प्रकोष्ठ की सक्रियता और उत्कृष्ठ कार्य शैली समाज में नजर आयेगी। उन्होंने बताया कि इस शाखा ने अब तक लगभग 80 हजार से अधिक छात्राओं/महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया है। एफएक्यू के जरिये इस वेबसाइट से महिलाओं को बहुत सी जानकारी मिल सकेगी।

टी.एम.सी लॉ कालेज, थाणे (महाराष्ट्र) के छात्र पुलिस संग्रहालय से प्रभावित हुए



18 फरवरी को टी.एम.सी लॉ कालेज, थाणे (महाराष्ट्र) के 30 छात्र/छात्राओं के एक समूह ने पुलिस संग्रहालय (म्यूज़ियम) का दौरा किया। लॉ छात्रों का यह समूह तीन दिन के स्टडी दौरे पर दिल्ली आया हुआ था। दिल्ली में पुलिस स्थापना दिवस की जानकारी मिलने पर उन्होंने दिल्ली पुलिस के बारे में निकट से जानकारी लेने की जिज्ञासा व्यक्त की। इसी क्रम में उन्होंने नई पुलिस लाइन स्थित पुलिस संग्रहालय का भी दौरा किया। पुलिस संग्रहालय में दिल्ली पुलिस के इतिहास के बारे में जानकार वे काफी रोमांचित हुए और निकट भविष्य में अपने साथियों सहित पुनः दिल्ली आकर पुलिस इतिहास के बारे में जानकारी एकत्रित करने की अपनी जिज्ञासा प्रकट की।

शीर्षस्थ नेतृत्व द्वारा प्रेरणास्वरूप भेजे गये संदेशों का सारांश



मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि दिल्ली पुलिस 16 फरवरी को अपने स्थापना दिवस के रूप में मनाती है। नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्र के विकास व प्रगति में सुरक्षा एक महत्वपूर्ण बिंदु है। दिल्ली पुलिस राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न केवल कानून–व्यवस्था बनाए रखने का महत्वपूर्ण काम करती है बल्कि हर प्रकार की सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से भी निपटती है। मैं पूर्णतया: आशावान हूँ कि दिल्ली पुलिस निरंतर अपने दायित्व को पूरे परिश्रम, निपुणता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निष्पादित करती रहेगी। मैं, दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस की सफलता की कामना करते हुए दिल्ली पुलिस को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

–g-§¸ -=®¸ e°¤³ ¹ -¨±ª-=®¨s Æz-Hª °§¨ª §=¯°s®¸ =



दिल्ली पुलिस एक सतर्क और अपने पेशे का निपुण पुलिस बल है, जो राजधानी दिल्ली में अपने उत्तरदायित्वों को पूरे समर्पित भाव और वचनबद्धता के साथ निभा रहा है। दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मैं, दिल्ली पुलिस के सभी पदाधिकारियों और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

==========Cg-=I §J=ª °§³ =½± °¯-z=§ %¼X=² ®C¯°s®¸



16 फरवरी, 2012 को दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मैं सभी दिल्ली पुलिसकर्मियों को अपनी हार्दिक मुबारकबाद देता हूँ। दिल्ली पुलिस, दिल्ली के नागरिकों की पूरी निष्ठा के साथ सेवा करती है। मुझे आशा है कि दिल्ली पुलिस भविष्य में भी अपने उत्तरदायित्वों के निष्पादन में नए मापदंड स्थापित करेगी। मैं कामना करता हूँ कि दिल्ली पुलिस आने वाले वर्षों में एक श्रेष्ठ पुलिस साबित होगी। ==========

Cg-=§ ½§ª ¼=¨±ª z=H°%¼X=®D°%§Z-=



मैं, 16 फरवरी, 2012 को मनाये जा रहे दिल्ली पुलिस के 65वें स्थापना दिवस पर सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। दिल्ली पुलिस राजधानी, दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था व शांति बनाए रखने के अपने दायित्व को निर्भीकता के साथ पूरा कर रही है। दिल्ली पुलिस सभी कठिन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है और अपनी सभी भारी डयूटि्यों को पूरे उत्साह और समर्पण भाव से निभाते हुए देश की अति आधुनिक और सर्वोतम पुलिस बल बनने की तरफ अग्रसर है। मैं विश्वस्त हूँ कि दिल्ली पुलिस पूरी निष्ठा और समपर्ण के साथ उच्च श्रेष्ठता को प्राप्त करेगी। मैं पुनः दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस की सफलता की कामना करते हुए बधाई देता हूँ।

–g-=®J ¶³ †¯ §Bs %¼X=¤ ¹³ ÐX=¿ } §Z-=



पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली पुलिस ने स्वयं को देश की एक श्रेष्ठतम और आधुनिक महानगरीय पुलिस के रूप में स्थापित किया है। दिल्ली पुलिस के प्रत्येक पुलिस अधिकारी व कर्मी ने अपने कर्तव्यपालन में समपर्ण के उच्च मापदंड स्थापित करते हुए अपने दायित्व को बखूबी के साथ निभाया है। दिल्ली पुलिस अपराधों की रोकथाम और उन्हें सुलझाने में तकनीक का बेहतर उपयोग करती है। दिल्ली पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की सुरक्षा में उठाये गये कदम वास्तव में प्रंशसनीय हैं। दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मैं सभी पुलिसकर्मियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

C½¯ J¤ J¨±ª z=§ %¼X=¤ ¹³ ÐX=¿ } =± ¶´z



मुझे यह जानकार हर्ष हुआ कि दिल्ली पुलिस 16 फरवरी को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है और इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में श्रेष्ठ पेशेवर निपुणता व उत्कृष्टता की परम्परा को निभाती है। राजधानी दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से बनाए रखती है, जो आसान काम नहीं है। स्ट्रीट क्राइम से निपटने और महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाए रखने के अलावा आंतकवाद से निपटते हुए नागरिकों के मन में आत्मविश्वास को बढ़ाने का भी काम करती है। दिल्ली पुलिस आंतकवाद, साइबर क्राइम, यातायात प्रबंधन, वीवीआईपी विज़िट और धरने–प्रदर्शन की चुनौतियों से निपटने के साथ–साथ, सतर्क रहते हुए अपनी कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करती है। मैं, आश्वस्त हूँ कि दिल्ली पुलिस भविष्य में भी राजधानी में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बनाए रखेगी। इस अवसर पर मैं दिल्ली पुलिस की शानदार सेवाओं की प्रंशसा करते हुए पुलिस स्थापना दिवस की सफलता की कामना करता हूँ।

Cg-=¸ ª ¹³ ÐX %¼z=§ %¼X=² ®C¯°q X®Æ



मुझे यह जानकार प्रसन्नता हुई कि दिल्ली पुलिस 16 फरवरी को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है और इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते यहाँ नागरिकों की सुरक्षा और कानुन–व्यवस्था बनाए रखने की जटिल चुनौतियाँ हैं। जिन्हें दिल्ली पुलिस सतर्क रहते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग से निरंतर अपने उद्देश्य को पूरा करती है। दिल्ली पुलिस दिल्ली को एक सुरक्षित स्थान बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के साथ–साथ कड़ी मेहनत करती रहेगी, यही मेरा विश्वास है। मैं, पुलिस स्थापना दिवस के लिये अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

–g-§¸ -=Ð-Æ°¤³ -¨×¸ z=§ %¼X=§ xX=§ Z-=

विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारी एवं जवान



श्री बालाजी श्रीवास्तव



श्री केशव चन्द्र द्विवेदी



श्री बलजीत सिंह

सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित



श्री टी.एन गोहन



श्री अरूण कम्पानी



श्री गोहन सिंह



श्रीगती जगपाल कौर



श्री दिनेश तिवारी



श्री पंकज सूद



श्री अनिल छतवाल



श्री गणेश सी.



श्री रमेश चन्द्र



श्री कुशलपाल सिंह



श्री महेन्द्र सिंह



श्री रामस्वरूप



g-=¯ª ¹³ ÐÐ³ =¤ °jD¤ =



g-=± ØX¼¯ºXKº



g-=DXº§=½ºL¯ª=¤ °jD¤



g-§¸ -=¤ ¶¼



g-=¤ ~Æ=¨±ª

गणतंत्र दिवस, 2012 की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस परिवार के 20 पुलिस अफसरों और जवानों को विशिष्ट सेवाओं के लिए तथा सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वालों में विशिष्ट सेवाओं के लिए श्री बालाजी श्रीवास्तव (सयुंक्त पुलिस आयुक्त/आर.पी.बी), श्री केशव चन्द्र द्विवेदी (अति.आ.पु. नई दिल्ली जिला) व श्री बलजीत सिंह (एसआई सुपरवाईजर/ऑपरेशन) तथा सराहनीय सेवाओं के लिए श्री टी.एन. मोहन (सयुंक्त पुलिस आयुक्त सामान्य प्रशासन), श्री अरूण कम्पानी (उपायुक्त पुलिस स्पेशल सेल), एसीपी श्री मोहन सिंह (गोपनीय शाखा), एसीपी श्रीमती जगपाल कौर (तृतीय वाहिनी), इंस्पेक्टर दिनेश तिवारी (लीगल सेल), इंस्पेक्टर पंकज सूद (स्पेशल सेल), इंस्पेक्टर अनिल छतवाल (सतर्कता), एसआई गणेश.सी (संचार शाखा), एसआई. रमेश चन्द्रा (संचार शाखा) ,एसआई कुशलपाल सिंह (पीसीआर) एसआई महेन्द्र सिंह (पीटीसी), एसआई रामस्वरूप (पीटीसी), एसआई राजेन्द्र प्रसाद कौशिक (प्रथम वाहिनी), एसआई भयाम आधार कौशिक (पुलिस मुख्यालय), महिला एसआई कंचन (अपराध एवं रेलवे), एएसआई कंवल सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला) तथा एएसआई सत्यनारायण (पीटीसी)

SM-≈½ ¨x°Æ=e°¯¸ -X=®ÆÆ± =x°Æ=®Ð¸ X°¹¿¸ °COMMN

















BNO=± 1=NR=§ ¶ZA=OMNO=3 vÆ=®ÄÆ± =Þ°°=®BX ºº ¸ Γ







12 मार्च, 2012 की शाम जवाहर लाल स्टेडियम में 60वीं अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता–2011 का शुभारंभ केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह ने किया।

खेलों के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली श्री बी.के. गुप्ता, आसूचना ब्यूरो के निदेशक श्री नेहचल संधु, सीमा सुरक्षा बल के निदेशक श्री यू. के. बंसल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निदेशक श्री राजीव भी उपस्थित थे। विशेष पुलिस आयुक्त श्री भीम सेन बस्सी, श्री रंजीत नारायण, श्री आदित्य आर्य तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस एवं केन्द्रीय पुलिस संगठनों की लगभग 30 से भी ज्यादा टीमों के खिलाड़ी व तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर All India Police Sports Control Board के अधिकारियों के अलावा प्रतियोगिता के दौरान बने रिकॉर्ड को मान्यता देने के लिए। Athletics Federation of India (AFI) के लगभग 80 अधिकारी भी उपस्थित थे। इन खेल प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग की 23 और महिला वर्ग की 21 प्रतिस्पर्धायें आयोजित हुई। अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत वर्ष 1951 में कटक (उड़ीसा) से हुई थी। दिल्ली पुलिस के लिए यह गौरव की बात है कि उसे 60वीं अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता की मेज़बानी करने का अवसर मिला। हालांकि दिल्ली पुलिस इससे पहले भी वर्ष 1960 और 1978 में इन पुलिस खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर चुकी है।

इस मौके पर प्रतियोतिगता में भाग लेने वाले प्रतिस्पर्धियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए कठिन ड्यूटियों के कारण शारीरिक क्षमता बनाए रखना एक Challenge होता है। इसी कारण खेल–कूद आदि पुलिस के Curriculum का एक अभिन्न अंग रहे हैं। निःसंदेह State Police Forces और CPOs खेल गतिविधियों को बढ़ाने की तरफ विशेष ध्यान देते हैं और साथ ही साथ खेलों से जुड़े पुलिसकर्मियों की विशेष भर्ती, प्रोत्साहन, अच्छी सुविधाएँ और पदोन्नति के अवसर भी देते हैं। हमारे पुलिस बलों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों में ऐसे उच्च स्तरीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने न केवल अपने बलों का अपितु देश का भी गौरव बढ़ाया है। ऐसी खेल प्रतियोगितायें पुलिसकर्मियों को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर प्रदान करती हैं और अलग–अलग परिवेश से आए पुलिसकर्मियों के बीच परस्पर भाई–चारा, मित्रभाव, खेल भावना तथा आपसी सूझबूझ को बढ़ावा देती हैं।







अच्छी तफ्तीश

अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया 50 हजार का ईनामी बदमाश

अपराध शाखा की एंटी एक्सटोर्शन सेल ½¨ M®MÆ±=g-=¯¨= ¼¤=¼¸ þ´=§= i-Rbs¯=¼ ¼¶¶³ i-Rbs¯=±³-®= §v ª Z=I±½° ₩WK=³ ´=¼ª ¯¼ ¼¶¶³ ₩®³ =¤§°=ª þ¤ ª¼ ¼¶¶´-=³ ´³ Ð §Æ¤=±³-®= ¤§°=° X®Ð ¼¶¶®³ =±ª=¸ c∞=¤ ª¼¯∞ -´=±°´¸ की टीम ने सनसनीखेज श्रीकांत हत्याकांड' में शामिल वांछित ईनामी बदमाश संजय भट्टाचार्य उर्फ बंगाली को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता पायी है। अभियुक्त ने ग्रेटर नोएडा में हत्या करने के बाद मृतक का सिर विहिन शरीर और सिर रेवाड़ी, (हरियाणा) में अलग–अलग जगहों पर फेंक दिया था। इस संबंध में ±Xa¸=½ Xa¸=®Æ±=B½®¯L°=g-=±³-®=¿ ª XÆ ने 1 मार्च, 2012 को आयोजित एक संवाददाता सम्मलेन में घटना का उद्भेदन करते हुए बताया कि वर्तमान में कालकाजी इलाके में रहने वाले (मूलरूप से झारखंड बिहार) इस बदमाश को कोर्ट ने घोषित अपराध करार दिया हुआ था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने 50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया हुआ था। अभियुक्त भटट्ाचार्य अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर 29.07.2011 को एक षडयंत्र के तहत पीड़ित श्रीकांत को उसकी आई–10 कार सहित ग्रेटर नोएड़ा ले गया और उसके सोने के आभूषण तथा नकदी लूटने के बाद उसकी हत्या कर शव हरियाणा में फेंक दिया था।

पति के अमानवीय व्यवहार से तंग आकर प्रेमी से हत्या कराने वाली पत्नी गिरफ्तार

4 फरवरी को मयूर विहार मैट्रो स्टेशन पर शिव प्रसाद उर्फ शिबू (45) की पीठ में गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। लाल बहादुरी शास्त्री अस्पताल में भर्ती इस व्यक्ति ने बताया कि उसे उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने गोली मार कर घायल किया है। 9 फरवरी को उपचार के दौरान शिव प्रसाद की मृत्यु हो गई। पांडव नगर पुलिस ने जॉच करते हुए मृतक की पत्नी (अंजू) उसके प्रेमी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में ² ®Xa¸=®Æ±=®¼₩° Æ°=g-= ®Ð¤¯=ने संवाददाताओं को विस्तार से बताया कि 1996 में 29 वर्षीय शिबू ने 14 वर्षीय अजूं नामक लड़की से शादी करने के लिए उसके भाई विनोद को अगवा कर उसकी जमकर पिटाई की और उसे रिहा करने की शर्त रख दी कि अंजू से शादी करने पर ही वह विनोद को रिहा करेगा। मजबूरी में परिजनों ने अजूं की शादी शिबू से कर दी। दुर्भाग्य से पिटाई से घायल विनोद की बहन अंजू की शादी के अगले दिने ही मृत्यु हो गई। परिजनों ने बेटी की जिंदगी खराब न हो इस मामले की शिकायत पुलिस को नहीं की और चुपचाप विनोद का अंतिम संस्कार कर दिया। आपराधिक प्रवृति के शिबू पर 10 आपराधिक मामले दर्ज होने से उसे मालवीय नगर थाने से तड़ीपार किया हुआ था। इसी बीच शिबू अपनी पत्नी अजूं को देह व्यापार में धकेलते हुए उससे अक्सर अमानवीय व्यवहार करने लगा। उसकी इन्हीं हरकतों से तंग होकर अजूं उसे छोड़कर नजफगढ़ इलाके में दीपक नामक व्यक्ति के साथ रहने लगी। शिबू के आपराधिक अतीत के चलते अंजू व दीपक को डर सताता रहता था कि पता नहीं कब वह दीपक या अंजू को जान से मार दे। दीपक व अजूं ने मिलकर शिबू को ही ठिकाने लगाने की योजना बनाई और दो लाख रूपये की सुपारी देकर शिबू को गोली मरवा दी। पुलिस टीम ने जॉच पड़ताल करते हुए नजफगढ़ त्रिलोकपुरी व सागर पुर इलाके से इस हत्याकांड में शामिल सभी तीन मुलजिमों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

भगवान विष्णु की 13वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्ति बरामद

अपराध शाखा के ½¨ M®MÆ±=j °M° °X=¨§¤-₩ ¼¸ þ´=§= i-Rbs¯=¯∞ D°=D§°₩I±½° ₩±¼Æ=D§°₩I±½° ₩D´= ³ D₩=II±½° ₩ª ¯¶K°=¨±ª=ª þ¤ °M¤ ´¯®Æ=° X¨±ª=¸ c∞=¤ °M±·D°=¤ °M½¸ Æ±ª°¿=¸ c∞=¤ °M¼¯° की टीम ने अन्तर्राज्जीय बस अड्डा के निकट से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 1 करोड़ रूपये मूल्य की भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की।

सूटेड–बुटेड होकर बच्चों के साथ शादियों/पार्टियों में चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

दक्षिणी जिला के विशेष दस्ते में तैनात i-Rbs¯=XD´-¯=¨±ª=´= ±¡ C i-Rbs¯=h°¼³ Ð¨±ª की टीम ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो सूटेड–बुटेड होकर बच्चों के साथ दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आयोजित पार्टियों में शामिल होकर कीमती सामान की चोरी करता था। गिरोह के सदस्य स्वयं सज संवर कर समारोह में शामिल हो जाते और आठ–दस वर्ष के बच्चों से सामान चोरी करवाते थे। पीतमपुरा, मालवीय नगर और आनन्द विहार इलाके में समारोह के दौरान हुई चोरी की वारदातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम काम कर रही थी। इस संबंध में ² ®Xa¸=®Æ±= ³ ¨×K°=° Æ°=g-§¸ -k X°=D§°₩ संवाददाताओं को विस्तार से बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि ऐसी वारदातों से जुड़े कुछ लोग चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने मालवीय नगर स्थित आदोलन पार्क के निकट से राजगढ़, मध्यप्रदेश के रहने वाले चार लोगों को दबोचने में सफलता मिली। पुलिस टीम ने अभियुक्तों के कब्जे से सोने का डायमंड नेकलेस, सोने की झूमकी, सोने का टॉप, ब्रसेलेट, मंहगे फोन, डिजिटल कैमरा व महिलाओं के पर्स आदि बरामद करने में सफलता मिली। पूछताछ पर पता चला कि अभियुक्त दिल्ली व आसपास के इलाकों में लगातार 10/12 वारदातों को अंजाम देकर वापिस मध्य प्रदेश भाग जाते थे। अभियुक्तों ने लगभग 100 वारदातों में शामिल होने की बात को स्वीकारा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दोहरे हत्याकांड के मुलजिम तत्काल गिरफ्तार

उतर–पश्चिमी जिला के I±-®=ª ¨³ D₩³ ª X°= i-Rbs¯=³ D₩= ¨±ª=¸ i-Rbs¯=¯∞ D°=¤ §°¯=I±½° ₩±ª -´=¤ §°¯=ª þ¤ °M± ª -´=§°=¸ c∞=¤ °M¼¯³ Ð§°¼ की टीम ने 12 फरवरी की रात जहाँगीर पुरी के आई ब्लाक में हुए झगड़े के दौरान हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को तत्काल गिरफतार करने और मामले को शांत करने में अहम भूमिका अदा की। अभियुक्त परिवार के कुछ सदस्यों ने पीड़ित परिवार की एक लापता लड़की को लेकर कुछ तीखी टिप्पणी करने से हुए विवाद में कुलदीप (20) तथा नरेन्द्र (38) की मृत्यु हो गई थी जबकि एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पूछताछ पर पता चला कि अभियुक्त अनिल पंडित व सुनील का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और अनिल पंडित थाना महेन्द्रा पार्क का घोषित अपराधी है। पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से मामले को सुलझाने के साथ–साथ इलाके में फैले तनाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण अदा की।

अच्छी कामयाबी

2,24,50,000 रूपये मूल्य की नकली भारतीय मुद्रा बरामद करने में शानदार सफलता

स्पेशल सेल के ½¨ M®MÆ±=g-=e-?S=¨±ª=¤±¼ þ´=§¹= i-®as¯=¤ æÆD=¡?sz= i-®as¯=§D=Æ°†°z=I±½° ₩¨ØL°z= I±½° ₩¡¼X=¤§°z¸ c°-I±½° ₩®¼³ ª X° की टीम ने जनवरी माह के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को अव्यवस्थित करने के उद्देश्य से पड़ोसी देश से भारत लाये लगभग ढ़ाई करोड़ रूपये मूल्य के नकली नोट बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सी.बी.आई, दिल्ली पुलिस और अन्य राज्यों की पुलिस का वांछित अपराधी इकबाल उर्फ काना निवासी प्रबुद्व नगर, उत्तर प्रदेश वर्तमान में पाकिस्तान में छिपा हुआ है और वहीं से भारतीय बाजार में नकली नोट चलाने के धंधे में लगा हुआ है। पुलिस टीम को सूचना के आधार पर काम करते हुए पता चला कि सीतापुरी डाबड़ी का रहने वाला हसन नामक व्यक्ति इकबाल उर्फ काना से मिलने पाकिस्तान गया था। हसन से पूछताछ करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित पुलिस टीम अन्य दो अभियुक्तों जीशान खान और आस. मोहम्मद तक पहुंचने में सफल रही और अंततः सीतापुरी,डाबरी इलाके से एक टैम्पो में लदे महिला सूटों के कपड़ों के बंडलों में छिपाये 500 व 1000 रूपये मूल्य के 2,24,50,000 नकली नोट बरामद करने में शानदार कामयाबी हासिल की।

2.5 करोड़ उच्च स्तर की 250 ग्राम कोकिन बरामद

अपराध शाखा के अति0उपा0पु0 श्री रविशंकर के नेतृत्व में अपराध शाखा की पुलिस टीम इंस्पेक्टर प्रेमचंद खडूंरी, एसआई रमेश शर्मा, एसआई रणबीर सिंह, एसआई शरद, एएसआई मोहन लाल, हैड कां0 भरत सिंह, अमित कुमार, धर्मबीर, विरेन्द्र तथा कां0 तेजबीर व खचेडू ने डीडीए फ्लैट, विकास पुरी के निकट से एक नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थ सप्लाई करने वाले एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह का भांडफोड़ किया है। अभियुक्त के कब्जे से एक नकली पासपोर्ट भी बरामद किया गया है। इस संबंध में ±Xa¸ =®Æ±=½°Xa¸ =g-=±³-®= ¿°XÆ ने संवाददाताओं को बताया कि वर्तमान समय में कोकिन की यह एक बड़ी बरामदगी है जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 2.50 करोड़ रूपये कीमत है। बरामद कोकिन दिल्ली व एनसीआर में होने वाली रेव पार्टियों और प्रभावशाली ग्राहकों के पास सप्लाई की जानी थी।

व्यवसायी की कार पर कूड बम फेंक कर पांच करोड़ की फिरौती मांगने वाला पुलिस के शिकंजे में

उतर–पश्चिमी जिले के सरस्वती विहार एसीपी श्री राजीव शर्मा व थाना सुभाष प्लेस के थानाध्यक्ष विपिन कुमार भाटिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक ऐसे व्यक्ति को धर–दबोचा जो इजराइल दूतावास की कार में मैग्नेटिक बम के इस्तेमाल से प्रेरित होकर पीतमपुरा के एक व्यवसायी से 5 करोड़ की फिरौती वसूलने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त ने 16 फरवरी को कारोबारी प्रमोद जैन की कार पर एक कूड बम फेंक कर पहले उसके मन में दहशत फैलायी और अगले दिन इस व्यवसायी को टेलीफोन कर धमकी दी कि यदि अपनी और अपने परिवार की जान बचाना चाहते हो तो पांच करोड़ की फिरौती दे दो। कुछ देर बाद बाकायदा एसएमएस भेज कर फिरौती वाली अपनी बात को दोहराया। ऐसा नहीं करने पर इजराइल दूतावास की कार तरह उनकी कार पर भी स्टिकी बम लगाकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। ½¨ M®MÆ±=°§Æ=¡°¼X°=ने संवाददाताओं को बताया कि फोन नं0 की जॉच करने पर पता चला कि फोन नं0 फर्जी पहचान पत्र के आधार पर लिया गया था। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की की मदद पुलिस से टीम को एक टेलीफोन नम्बर पर हुई बातचीत का एक सुराग मिल गया। पुलिस टीम ने सीडी–डीवीडी किराये पर देने की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ की तो पता चला कि इसी व्यक्ति ने पोटेशियम सल्फाइड पाउडर का एक कच्चा बम व्यवसायी की कार पर फैंका था और उसी ने धमकी देकर फिरौती वसूलने का असफल प्रयास किया था। अभियुक्त व्यवसायी के उगाही करने की काफी दिनों से सोच ही रहा था कि इजराइली दूतावास की कार पर हुए स्टिकी बम से हमले से प्रेरित होकर अपनी साजिस को देने का प्रयास किया।

50 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

पश्चिमी जिला के जनकपुरी c°¼LX°=±·¯³ Ð®Æ=¨±ª=¸ c°= ª þ¤°†s¦Æ=½°§¡-=¨±ª=ने एक ऐसे फरार ईनामी बदमाश को धर–दबोचने में सफलता अर्जित की है जिसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार का ईनाम घोषित किया हुआ था। लूटपाट व झपटमारी की दर्जनभर वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर लूटरे ½¨¼Æ=¤ ®¾²² n₩±·§¸ =को एक सटिक सूचना के आधार पर लुधियाना से गिरफ्तार करने में सफलता पायी। इस संबंध में ½¨ M½°MMg-=´-M¿¼c°¼=ने बताया कि पकड़े गये लूटेरे के अधिकांश परिजन किसी न किसी आपराधिक वारदात में संलिप्त है और दिल्ली की एक अदालत ने मकोका के तहत अभियुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी वांरट जारी किया हुआ है।

विशेष प्रकोष्ठ ने दिल्ली में दहशत फैलाने की साजिश नाकाम करते हुए लश्कर ए तैयबा के दो आंतकवादी गिरफ्तार किये

विशेष प्रकोष्ठ ने दिल्ली में आंतक फैलाने की साजिश को मूर्त रूप देने के प्रयास में लगे लश्कर ए तैयबा के दो आंतकवादियों को गिरफतार करने में शानदार सफलता पाई है। इस संबंध में ¨D?°=®Æ±= ½°Xa¸ =g-=®JI¼½¿Ð°Æ=ने 29 फरवरी, 2012 को संवाददताओं को बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों आंतकवादियों के कब्जे से एके 47 राइफल, सल्फूरिक एसिड, ममोरी कार्ड,पासपोर्ट व आपत्तिजनक दस्तावेज आदि मिले हैं। कथित तौर पर पूछताछ पर पता चला है कि अभियुक्त की मंशा आने वाले त्यौहरों के दौरान दिल्ली में किसी आंतकी घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाना था। इस संबंध में गृहमंत्री श्री पी.चिदंबरम ने कहा है कि केन्द्रीय एजेंसियों और तीन राज्यों की पुलिस के जबर्दस्त समन्वय का नतीजा है कि दिल्ली में आंतकी हमले की साजिश को विफल करने में मदद मिली। जम्मू कश्मीर पुलिस, झारखंड पुलिस और आईबी के अलावा दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने इन आंतकवादियों की गिरफ्तारी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। पड़ोसी देश में आंतकी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके इन आंतकवादियों से कोड मैट्रिक्स (सांकेतिक भाषा में बातचीत करने की शब्दावली) भी प्राप्त हुई है। गिरफ्तार आंतकवादियों से बरामद दस्तावेज और पूछताछ के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रकोष्ठ की कई टीमें जुटी हुई है।

अपराध शाखा की टीम ने 74 लड़कियों को मुक्त कराया

19 फरवरी को अपराध शाखा व आन्ध्र प्रदेश पुलिस की सयुंक्त टीम ने जी.बी.रोड़ स्थित कोठो छापा मार कर 74 लड़कियों को मुक्त कराया जिसमें 35 आन्ध्र प्रदेश की रहने वाली थी। आन्ध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले की सीआइडी ने कुछ दिन पूर्व दिल्ली पुलिस की मदद से मुक्त कराई एक लड़की के बयान के आधार पर जी.बी.रोड़ पर पुनः छापा मारने का अनुरोध किया। अपराध शाखा ने स्थानीय कमला मार्केट पुलिस, चाइल्ड लाइफ व शक्ति वाहिनी नामक दो गैर सरकारी संस्थानों की मदद से विभिन्न कोठो पर छापा कर लगभग 74 लड़कियों को मुक्त कराने में सफलता पाई। प्रारभिंक जॉच पड़ताल पर पता चला कि अधिकांश लड़कियॉ दक्षिण भारत व अन्य इलाकों की रहने वाली है और उन्हें यहॉ नौकरी दिलाने के बाहाने लाकर बेचा गया था।

तरक्की, स्थाईकरण एवं स्थानांतरण संबंधी खबरें

तरक्की

g-=½§¾¼=¤ §°¯=®¼½X¤ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी परिक्षेत्र) विशेष पुलिस आयुक्त पदोन्नत

g-=± ¨n¶³ °¼³ =g-´°¸¸ ´ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) विशेष पुलिस आयुक्त पदोन्नत

g-=± Ł°-¯=X³ ´ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (उतरी परिक्षेत्र) विशेष पुलिस आयुक्त पदोन्नत

g-=¤ ¾K°=¤ §°¯ (गोवा में तैनात) विशेष पुलिस आयुक्त पदोन्नत

g-=½° X=¤ DXf° (यू.एन. मिशन प्रतिनियुक्ति) विशेष पुलिस आयुक्त पदोन्नत

स्थानांतरण

g-=½°Æ°¤ =´§°W विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता) से विशेष पुलिस आयुक्त (गुप्तचर)

g-=½°³ OX=½°X°W विशेष पुलिस आयुक्त (सशस्त्र पुलिस)

g-=½§¾¼=®¼½X¤ पदोन्नति के बाद विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता)

g-=I±JI ¼¾g-´°¸¸ ´ पदोन्नति के बाद विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण)

g-=± Ł°-¯=X³ ´ पदोन्नति के बाद विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात)

g-=s-JI ¼¾=§°¤ ¼ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (पी एंड आई) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (सामान्य प्रशासन)

=g-=®J¤ °§¯∞ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (नई दिल्ली परिक्षेत्र) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पूर्वी परिक्षेत्र)

g-=¸ ∞ =³±¼ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (सुरक्षा, पी.एम) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (मध्य परिक्षेत्र)

g-=I ¼¾³ Æ-®¤ §°¯ सयुंक्त पुलिस आयुक्त (सतर्कता) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (पी.एंड एल.)

g-=½¯¨´ ¶³ =³ -®सयुंक्त पुलिस आयुक्त (एसपीयूडब्लू एंसी) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (सुरक्षा, पी.एम)

g-=½°¯JI ±J¤ ¾K°¾¤° सयुंक्त पुलिस आयुक्त (सामान्य प्रशासन) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (उतरी रेंज)

g-= ¨´¤ =¿ °¿X° सयुंक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) से सयुंक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पश्चिम परिक्षेत्र)

शुभकामनाएं



±¹°¼´} =´¯?_ =®Æ± =½¨Ł¤ °-=B= 31 जनवरी, 2012 को विषेश पुलिस आयुक्त (शस्त्र पुलिस) g-=±¸ -D²¶¶ı³ Ð पुलिस से सेवानिवृत हुए। पुलिस आयुक्त g-=¡ -J¤ J¿ f¸ °= ने श्री सतीशचन्द्रा को पुलिस स्मृतिचिन्ह् भेंट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना की। इस अवसर पर काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। इसी दिन I±-®= g-=Ł°¼´-¯=ǫ (सुरक्षा) तथा एसीपी g-=Æ-Æ°¯§ (सुरक्षा) भी सेवानिवृत हुए। इन दोनों पुलिस अधिकारियों को पुलिस आयुक्त महोदय ने स्मृति चिन्ह् और गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएँ दी।



OV= n¯´¯-z= OMNO= ¤ °= ¨½b¼¨Æ¨x°¸ = ´¯?_ = ®Æ± = ½¨Ł¤ °- पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए। अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री राजुकमार शर्मा (शस्त्र पुलिस), एसीपी श्री जगबीर सिंह (सतर्कता शाखा), एसीपी श्री जगदीश कुमार (पूर्वी जिला), श्रीमती सुदेश कुमारी (पीसीआर), एसीपी श्री बलजीत सिंह बामेल (पुलिस मुख्यालय), एसीपी श्री गुरदयाल सिंह सालन (प्रथम वाहिनी), एसीपी श्री हीरा लाल गुरिया (सुरक्षा), एसीपी श्री मलूक सिंह बॉबराय (मध्य जिला), एसीपी श्रीमती नीलम गाँधी। विशेष पुलिस आयुक्त श्री भीमसेन बस्सी (प्रशासन) ने सेवा निवृत होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह व गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएँ दी।



शुभकामनाएं

माह दिसम्बर, 2011 के दौरान दिल्ली पुलिस से 54 पुलिस अधिकारी एवं जवान सेवानिवृत हुए जिनमें से 14 ने स्वैच्छा से सेवानिवृति ली है। पुलिस परिवार सेवानिवृत होने वाले इन सभी साथियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घआयु के लिए हार्दिक कामना करता है।

®±-½°=B एसआई मंशाराम, एसआई मो.अहमद अंसारी, एसआई राजसिंह, एसआई सतीशचन्द्र, एसआई बलबीर सिंह,एएसआई रणधीर सिंह, एएसआई राजेन्द्र सिंह, हैडकां0 राजबीर सिंह, हैडकां0 महेन्द्र सिंह, हैडकां0 तारीफ सिंह तथा कां0 दलबीर सिंह. ±¶°=D°X°BE एसआई सुरेन्द्र कुमार एसआई सुखपाल तथा एसआई कुलवंत सिंह ²¸ C®D¶§-=°Æ°BE=एसआई विष्णुदत पांडे, एएसआई इन्द्रपाल, हैडकां0 वेदपाल तथा हैडकां0 आजाद सिंह ¿Lª-=°Æ°B=एसआई रामनारायण तथा हैडकां. शकरूद्दीन °?S®¸=e´¼B=हैडकां0 हरपाल सिंह नई दिल्ली जिलाः एसआई मिथलेश मिश्रा ³ ×°K°-=°Æ°=Bएसआई बंशीराम §LX=°Æ°Bएसआई बलबीर सिंह ®¾w°Æ°Bहैडकां0 महावीर तथा कां0 सतीश कुमार ½®°L°=D°X°B= एएसआई विकास ®Æ±=§xX°ÆXE= एसआई सहेन्द्रपाल ®S-±-E=एसआई लहणा सिंह तथा एसआई चांद सिंह X°¸ °X°¸ Bएसआई मोहम्मद अमीम व कां0 अशोक कुमार पीएंडएलः एसआई बंसत कुमार ¨´D?°=D°X°B=एएसआई ब्रिजपाल, एएसआई उमेद सिंह तथा हैडकां0 मनिक सिंह ±·×°=D°X°B=एसआई देशराज सिंह, एसआई करतार चंद, एसआई बिजेन्द्र कुमार, एसआई ब्रहमपाल सिंह तथा एएसआई हरिकिशन ®D§=´°a¼B एसआई रमेश, एसआई वाशुदेव तथा दफतरी उर्मिला ¸}-X=´°a¼B=एसआई ओमप्रकाश

श्रृद्धांजलि

¼´h¯=§ª=§¼³´¿¸=®Æ±¤§-wE इंस्पेक्टर लखीन्द्र सिंह दक्षिण–पश्चिमी जिला, एएसआई अरूण कुमार प्रथम वाहिनी, एएसआई संतराम पश्चिमी जिला,एएसआई सत्यवीर सिंह यातायात, हैडकां0 रमेश कुमार विशेष शाखा, हैडकां0 विक्रम सिंह दक्षिण–पश्चिमी जिला,हैडकां0 राजकुमार दक्षिणी जिला, कां0 जयविन्द्र सिंह प्रथम वाहिनी, कां0नरेश कुमार पीसीआर, कां0 वेदपाल नई दिल्ली जिला, कां0 नरेश कुमार सुरक्षा, कां0 प्रदीप कुमार सातवीं वाहिनी, कां0 प्रवीण कुमार बाहरी जिला, कां0 खूबचंद शर्मा दक्षिणी जिला तथा कुक महेन्द्री देवी उतरी जिला।

³±h¯=§ª=§¼³´¿¸=®Æ±¤§-wE=इंस्पेक्टर वेदप्रकाश सुरक्षा, एसआई वजीर सिंह पीटीसी, एसआई सतीश चन्द्रा यातायात, एसआई मुकेश कुमार पुलिस मुख्यालय, एसआई शांति प्रसाद दक्षिण–पूर्वी जिला, एसआई सज्जन सिंह संचार शाखा, एएसआई राजबीर सिंह उतरी जिला, एएसआई रोहताश सिंह दक्षिणी जिला, हैडकां0 रमेश चन्द्र उतर–पश्चिमी जिला, हैडकां0 मोहर सिंह, हैडकां0 राजसिंह हैडकां0 सतबीर सिंह व हैडकां0 वेदवीर सिंह पीसीआर, हैडकां0 विजय कुमार झा उतरी जिला, हैडकां0 कुलदीप सिंह बाहरी जिला,कां0 अमरजीत सिंह दक्षिण–पश्चिमी जिला, कां0 श्याम सिंह दक्षिण–पश्चिमी जिला, कां0 धर्मेन्द्र कुमार पीसीआर, कां0 संजीवन ऐक्स यातायात, कुक जयभगवान दक्षिण–पश्चिमी जिला तथा एमटीएस अशोक कुमार पश्चिमी जिला।

एक नए परिक्षेत्र Range का गठन

-¼¤-=°¿ª=¶°=®¯×°Z=Range=ª I ®¯×°Z°¤°¼I=¼°§=§Æ±Bदिल्ली में बेहतर पुलिसिंग और प्रभावशाली तालमेल के साथ–साथ मजबूत सुरक्षा–व्यवस्था हेतु एक नए पुलिस रेंज का गठन किया गया है।

³ ×°K°C®¾w®¯×°ZC में पूर्वी जिला, उतर–पूर्वी जिला तथा दक्षिण–पूर्वी जिला शामिल हैं। जिसके सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज हैं।

³ ×°K°C®D¶§-=®¯×°ZC= में दक्षिणी जिला, दक्षिण–पश्चिमी जिला और पश्चिमी जिला शामिल हैं। जिसके सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री विवेक गोगिया हैं।

§LX=®¯×°ZC=में नई दिल्ली जिला, मध्य जिला और उतरी जिला शामिल हैं। जिसके सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन हैं।

²¸ ¯-=®¯×°ZC में उतर–पश्चिमी जिला और बाहरी जिला शामिल हैं। जिसके सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.एस. कृष्णैया है।

पीसीआर कर्मियों की तत्काल मदद से तीन युवकों की जान बची

1 मार्च की सुबह गाजीपुर चेक पोस्ट पर लाल बती पर धीमी हुई एक ईको कार को पीछे से एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार काफी दूर तक घसीटती चली गई और पलटते समय उसमें आग लग गई। दरवाजे लॉक होने और सीट बैल्ट नहीं खुलने की स्थिति में उसमें सवार तीनों युवक फंस गये और मदद के लिए चिल्लाने लगे। टक्कर की आवाज और कार में लगी आग को देखकर कुछ दूरी पर खड़ी पीसीआर की गाड़ी पर तैनात II±½°w®D°D°Z=ª¤°M®D´-¯Z¤°MS¤D°=के अलावा पिकेट पर तैनात हैडकां0 मंशाराम बिना समय गंवाये मौके पर पहुंचे। बिना समय गंवाये चारों पुलिसकर्मियों ने लोहे की रॉड से टक्कर और आग से क्षतिग्रस्त हो चुकी कार के शीशे तोड़ कर आग की लपटों में घिरे तीनों युवकों को सकुशल बाहर निकालने में अच्छी सुझबूझ और त्वरित कार्यवाही का परिचय दिया। कार पलटने से आई चोट और आग से झुलसने पर दो युवकों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल व एक को सफदरजंग अस्पताल पहुंचा कर सभी पुलिसकर्मियों ने अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी व जिम्मेवारी से अंजाम दिया।

लोगों ने काफी सराहा यातायात पुलिस की मेगा लोक अदालत को

दिल्ली यातायात पुलिस व दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण ने सयुंक्त रूप से मिलकर दिल्ली की 6 अदालतों में 5 फरवरी, 2012 को एक मेगा ट्रैफिक लोक अदालत आयोजित की। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लम्बित चालान धारकों को अपने चालानों के निपटारे के लिए आंमत्रित किया था। इस लोक अदालत को दिल्ली के लोगों ने न केवल काफी सराहा बल्कि उसमें रूचि दिखाते हुए अपने चालानों का निपटारा कराया। जिसमें मात्र 6 घंटे के अन्दर 96 हजार चालानों का निपटारा करते हुए दोशी वाहन चालकों से लगभग 12 लाख रूप्ये जुर्माने के तौर पर वसूल किये।

सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल सम्मानित



3 फरवरी, 2012 को पुलिस आयुक्त श्री बी.के.गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में दिसम्बर माह के 16 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को प्रंशसा पत्र व प्रत्येक को 2000 रूपये नकद का पुरस्कार देकर प्रोत्साहित व सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था) श्री धर्मेन्द्र कुमार, तीनों परिक्षेत्रों के सयुंक्त पुलिस आयुक्त व जिला अति0आ0पुलिस व उपायुक्त भी उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले में पूर्वी जिला के थाना मधु विहार से कां0 प्रकाश सिंह, उतर–पूर्वी जिला के थाना मानसरोवर पार्क से हैडकां0 अरविन्द कुमार, नई दिल्ली जिला के थाना मन्दिर मार्ग से हैडकां0 वेदपाल, मध्य जिला के थाना कमला मार्केट से कां0 मांडलिक संजय चाइचा, उतरी जिला के थाना सदर बाजार से हैडकां0 मानिक चंद, उतर–पश्चिमी जिला के थाना मुखर्जी नगर से हैडकां0 ब्रिजपाल सिंह, बाहरी जिला के थाना बवाना से कां0 संजीव कुमार, दक्षिणी जिला के थाना नेब सराय से कां0 राकेश कुमार, दक्षिण–पूर्वी जिला के थाना गोविन्द पुरी से कां0 योगेश तोमर, दक्षिण–पश्चिमी जिला के थाना नारायण से हैडकां0 मनोज कुमार, पश्चिमी जिला के थाना निहाल विहार से कां0 संदीप कुमार, यातायात के चाणक्यापुरी सर्कल से हैडकां0 नीरज कुमार, अपराध एवं रेलवे के थाना हजरत निजामुद्दीन से कां0 संजीत तथा पीसीआर से एएसआई दशरथ सिंह, हैड कां0 हरेन्द्र कुमार तथा कां0 (ड्राइवर) विनोद।



एसीपी कल्याणपुरी श्री गौरव शर्मा (आईपीएस) के नेतृत्व में
गणतंत्र दिवस परेड 2012 में शामिल पुलिस दस्ता



दिल्ली पुलिस का चिर-परिचित बैंड राजपथ पर अपनी मधुर धुन बखेरता हुआ

सम्पादकः जन-सम्पर्क अधिकारी, दिल्ली पुलिस राजन भगत एवं सह-सम्पादकः उप-नि. सतबीर सिंह। पुलिस मुख्यालय नई दिल्ली